Official Periodical of Shri Saibaba Sansthan Trust, Shirdi


श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी की अधिकृत पत्रिका

# SHRI SAI LEELA

# श्री साई लीला

❁ Year 24 ❁ Issue 1 ❁ January-February 2024 ❁ ₹ 15/-

❁ वर्ष २४ ❁ अंक १ ❁ जनवरी–फरवरी २०२४ ❁ ₹ १५/–





In the morning of Monday, January 1, 2024




In the afternoon of Monday, January 1, 2024

# SHRI SAIBABA SANSTHAN TRUST, SHIRDI

## Hon'ble Members of Ad-hoc Committee



**Shri Sudhakar Yarlagadda**
**(Chairman)**
**Principal District & Sessions Judge, Ahmednagar**



**Shri Siddharam Salimath (IAS)**
**(Member)**
**District Collector, Ahmednagar**



**Shri Tukaram Hulawale**
**(Chief Executive Officer I/C)**


Internet Edition - **URL:http://www.shrisaibabasansthan.org**

श्री साईं लीला

SHRI SAI LEELA

वर्ष २४ अंक १

**Year 24 Issue 1**

सम्पादक : प्र. मुख्य कार्यकारी अधिकारी
कार्यकारी सम्पादक : भगवान दातार

**Editor : Chief Executive Officer I/C**
**Executive Editor : Bhagwan Datar**


# अंतरंग


- **Was Shirdi Sai Baba simply with a body composed of the five elements and three cubits and a half in length? No, absolutely not! : Dr. Subodh Agarwal** 6
- **साईं वचनामृत : विनय घासवाला** १२
- **करुणा की कविता है साईं, तेरी राम कहानी! : दास कुम्भेश** १६
- **Shirdi News** 21



● Cover & inside pages designed by Don Bosco and Prakash Samant (Mumbai) ● **Computerised Typesetting:** Computer Section, Mumbai Office, Shri Saibaba Sansthan Trust, Shirdi ● **Office :** 'Sai Niketan', 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar (East), Mumbai - 400 014. Tel. : (0)9404876574 E-mail : saidadar@sai.org.in ● **Shirdi Office :** At Post Shirdi - 423 109, Tal. Rahata, Dist. Ahmednagar. Tel. : (02423)258500 Fax : (02423)258770 E-mail : 1. saibaba@shrisaibabasansthan.org 2. saibaba@sai.org.in ● **Annual Subscription:** ₹ **125/-** ● **Subscription for Life :** ₹ **2,500/-** ● **Annual Subscription for Foreign Subscribers :** ₹**1,000/-** (All the Subscriptions are Inclusive of Postage) ● **General Issue:** ₹ **15/-** ● **Shri Sai *Punyatithi* Annual Special Issue :** ₹**25/-** ● Published and printed by the Chief Executive Officer I/C, on behalf of Shri Saibaba Sansthan Trust, Shirdi at Sai Niketan, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014 and at the Ganesh Art Printers, MR Trade Centre, Shop No. 7, Wadiya Park Ahmednagar - 414 001 respectively. The Editor does not accept responsibility for the views expressed in the articles published. All objections, disputes, differences, claims and proceedings are subject to Mumbai jurisdiction.

# Editorial...

*We are meeting through this issue of 'Shri Sai Leela' for the first time this new year...*

*Best wishes for a happy new year to all 'Shri Sai Leela' readers, to all Sai devotees and to all well-wishers...*

*At the outset of the new year we evaluate the past and plan schemes for the future. We strategically plan so as to avoid repeating our past mistakes and bring our objectives into reality within the stipulated time...*

*Our readers would come to know that what are the targets before us. Our first aim is to make constant efforts in solving the complaints of non-receipt of the issue and delay in getting the issue. We expect the the co-operation from the subscribers and we assure that we will definately get it.*

*'Shri Sai Leela' is being read by all classes of the society and different linguistic regions. To keep this flow constantly is our another goal.*

*While sending the subscription by money-order for 'Shri Sai Leela' old subscribers are requested to quote their subscription number and new subscribers should specify the language in which they would like to receive the magazine. Money-order or any other correspondence relating to 'Shri Sai Leela' should be done in Marathi, English or Hindi in legible handwriting. Time and again we have appealed to our readers through 'Shri Sai Leela'. But we regret to say that our readers have not paid adequate attention to the appeal. If our readers comply with our above mentioned requests a lot of complaints could be done away with.*

*We are proud to say that not only Sai devotees read the 'Shri Sai Leela' but other readers are also attracting towards the same. To increase their number it is imperative to make 'Shri Sai Leela' more readable. For this we feel Sai devotees should make contribution by writing articles. If reading, thinking and contemplating is done with single minded concentration it is not difficult to express our thoughts and feelings into written words. If the purport is expressed in simple language then it is easier for the readers to understand. If any our readers wish to write in this field better they start with small articles which do not loose touch with the main subject morever editing of such articles would be easier...*

*- 'Shri Sai Leela',*
*Volume 69, No. 10-11, January-February 1991*

# Was Shirdi Sai Baba simply with a body composed of the five elements and three cubits and a half in length? No, absolutely not!

Though Sai Baba looked like a man, three cubits and a half in length, still He dwelt in the hearts of all. Inwardly, He was unattached and indifferent, but outwardly, He longed for public welfare.

My *Sadguru* Sai is *Nirgun*, *Sat-Chit-Anand* (Existence, Knowledge and Bliss). He has indeed taken human form to elevate mankind and raise the world. But His real *Nirgun* nature is not destroyed thereby, even a bit. His beingness (or reality), divine power and wisdom remain undiminished.

**He is not merely three cubits and a half in length.**



Once I read :

"Take delight in the Lord, and He will give you the desires of your heart. Commit your way to the Lord; trust in Him and He will do this : He will make your righteous reward shine like the dawn, your vindication like the noonday sun" – Psalm 37:4-6

Sai is my Lord. A begging bowl full of desires is in my heart. Sai is my ever-present, evenly present bounty. There is no absence of Sai substance anywhere, nor is there any fluctuation in His manifest bounty.




Baba used to be visited by kings and commoners both; once I, as a commoner, went to Shirdi to beg Sai to meet the desires of my heart. Sai is so rich in consciousness that He could draw on the omnipresent substance of *Allah Malik*, and feed and satisfy multitudes - not me alone.

When I entered the sanctum sanctorum, I forgot to beg as I didn't find Baba's bodily form there in any form, and simply perceived His divine presence in the *Samadhi Mandir*. That was so true!

**Sai is not merely three cubits and a half in length.**

Inwardly most disinterested, He looked outwardly full of desires, for the sake of His devotees. Inwardly an abode of peace, he looked outwardly restless. (Shri Sai Satcharita, Chapter 10)



**He is not merely three cubits and a half in length.**

A really obvious sign that Sai Baba was not simply with a body composed of the five elements and three cubits and a half in length is the endorsement when Sai Himself endorses it. The following story is true for its validation :



There was a devotee of Baba by the name of Balaram Mankar. He was meek and humble of heart. The name of Sai was always on his lips. He was very pious, and shed profuse tears when he was alone. After the death of his spouse, he renounced the world and, entrusting everything to his son, reached Shirdi to live with Baba. Being pleased with his devotion, Baba wanted to give a good turn to his life, and He did this in the following way.

Baba asked him to go and live in Machchhindragad (District Satara). Mankar was at first unwilling to go and leave Baba, but Baba convinced him that He was giving the best course for him to follow and asked him to practice meditation three times a day. Believing in Baba's words, Mankar went to Machchhindragad. He was very pleased with the lovely surroundings of the place, the pure water and healthy air. Here, he began to practice assiduously the meditation as prescribed by Baba. After a few days, he had a revelation. Generally, *bhaktas* (devotees) get a revelation (epiphany/sudden and great realization) in their *samadhi* or trance states; but in Mankar's case, he had it when he came down to his ordinary consciousness from his trance. Baba appeared to him in person. Not only did Mankar see Him, but he also asked Baba, why he was sent to Machchhindragad. Baba replied, "In Shirdi, many thoughts and ideas began to rise in your mind, and I sent you here to rest your unsteady mind. You thought, I was in Shirdi with a body composed of the five elements and three and a half cubits in length, and








not outside of it. Now you see and can determine for yourself, whether the person you see here this moment is the same one you saw in Shirdi. It is for this reason I sent you here." (Shri Sai Satcharita, Chapter 31)

O Sai devotees! Now, the recurrence of the word 'cubit' starts tolling like a bell to take me to The Old Testament. The term cubit is found in the Bible regarding Noah's Ark.


God said to Noah, "I am going to destroy all flesh because the world is full of violence. Build an ark of gopherwood, with rooms inside, three decks, and a door. Cover it inside and out with pitch. The ark is to be 300 cubits long, 50 cubits wide, and 30 cubits high)." And Noah did exactly as God commanded him (Genesis 6:13–22).

Though the scale size of Noah's Ark as mentioned in the Bible (and as also stated above) is in cubit measurement,





it is not the purpose of the present article to establish any correlation between the Biblical cubit measurement and the cubit measurement of Sai Baba's body as repeatedly mentioned in Shri Sai Satcharita. Nevertheless, I felt myself confounded and emotionally dumbfounded as the word - cubit - started chiming in my ears. And lo! Suddenly, the divine figure of Lord Jesus on Cross comes alive on my left; and I, simultaneously, experience a sudden and striking realization that Sai Baba is on my right, sitting under the neem (margosa)






tree. All this chanced with such a reality of presentment that I became in doubt which of them was actually there before me.

The truth now precipitously flashed upon me that both divinities are one, and not two; and either of the two is not simply with a body composed of the five elements and three cubits and a half in length.

After the above epiphany moment, I had the clear consciousness of the two distinct divinities dissolving into one single entity. And, I heard Sai Baba addressing His devotees thus :

"Be wherever you like, do whatever you choose, remember this well that all what you do is known to Me. I am the Inner Ruler of all and seated in their hearts. I envelope all the creatures, the movable and immovable world. I am the Controller - the Wirepuller of the show of this Universe. I am the mother - origin of all beings - the Harmony of three *Gunas*, the Propeller of all senses, the Creator, Preserver and Destroyer. Nothing will harm him, who turns his attention towards Me, but *Maya* will lash



or whip him who forgets Me. All the insects, ants, the visible, movable and immovable world, is my Body or Form." (Shri Sai Satcharita, Chapter 3)

**Sai is not merely three cubits and a half in length.**

One B. V. Deo was a devotee of Sai. He was *Mamlatdar* at Dahanu (Palghar District). His mother had observed 25 or 30 different vows, and an *Udyapan* (concluding) ceremony in connection therewith was to be performed. This ceremony included the feeding of 100 or 200 *Brahmins*. Deo fixed a date for the ceremony and wrote a letter to Bapusaheb Jog asking him to request Sai Baba on his behalf to attend the *Bhoj* (lunch) of the ceremony, as without His attendance the ceremony would not be duly completed. Bapusaheb Jog read out the letter to Baba. Baba listened fully to that invitation, sent with such a pure heart, and said, "I always think of him who remembers me. I require no conveyance, carriage, *tonga* (a vehicle pulled by a horse), nor train, nor aeroplane. I run and manifest myself to him who lovingly calls me. Write



to him a pleasing reply that three of us (the trio) - Myself, yourself and a third will go and attend it." (Shri Sai Satcharita, Chapter 40)

**Sai is not merely three cubits and a half in length.**

Was Baba alive as long as He was in the body, or is He dead, because He has left it? This is the rhetorical question, often posed in Shri Sai Satcharita.

The answer lies in the *Pothi* (Shri Sai Satcharita) itself, "No, Baba is ever alive,

for He transcends both life and death. He who loves Him once whole-heartedly, gets response from Him at any time and at any place. He is always by His devotee's side and will take any form and appear before the devout *bhakta* (devotee) and satisfy him. (Shri Sai Satcharita, Chapter 33)

**Sai is not merely three cubits and a half in length.**

Baba could see or read the hearts of all. There was nothing secret or veiled from Him. Everything, far or near, was plain and clear to Him as broad as daylight. Let a man be far or near, he couldn't avoid the all-pervading gaze of Sai Baba. (Shri Sai Satcharita, Chapter 21)

**Sai is not merely three cubits and a half in length.**

Cholkar was a devotee of Baba. Once, when he came to Shirdi to take Baba's *darshan*, Sai told him,

"If you spread your palms with devotion before me, I am immediately with you, day and night. Though, I am here bodily, still I know what you do; beyond the seven seas. Go wherever you will, over the wide world, I am with you. My abode is in your heart and I am within you. Always worship me, who is seated in your heart, as well as, in the hearts of all beings. Blessed and fortunate, indeed, is he who knows me thus." (Shri Sai Satcharita, Chapter 15)

**Sai is not merely three cubits and a half in length.**

Though Sai looked like living in Shirdi, He was present everywhere. (Shri Sai Satcharita, Chapter 11)

**Sai is not merely three cubits and a half in length.**

Megha was another ardent devotee of Baba. Once, Baba told him,

"I require no door to enter. I have no form nor any extension; I always live everywhere. I carry on, as a wirepuller, all the actions of the man who trusts me and merges in me." (Shri Sai Satcharita, Chapter 28)

**– Dr. Subodh Agarwal**
'Shirdi Sai Dham',
29, Tilak Road, Dehra Dun - 248 001,
Uttarakhand.
Mobile : **(0)9897202810**
E-mail : **subodhagarwal27@gmail.com**

❍❍❍

... When about twelve months had passed in doing this divine service, when Megha was awake early one morning, he saw a vision... Megha was lying in bed and though he had his eyes closed, he was fully awake and he saw Baba distinctly. Baba, too, was aware that he was awake. He then threw consecrated rice on the bed and said, "Megha, draw a trident", and thed disappeared there and then... Listening to these words of Baba, Megha opened his eyes with great enthusiasm. He was very surprised to find that Baba had disappered. Then Megha looked all around. There were grains of rice scattered everywhere on the bed. The doors of the *wada* were closed, as earlier. Hence he was confused... He went to the *Masjid* immediately. While taking Baba's *darshan*, Megha told Him the story of the trident and asked permission to draw it. Megha related the vision with all details. Baba said, "How can it be a vision? Did you not hear my words? I told you to draw the trident. Are you trying to test my words by calling it a vision? My words are always very profound and not a syllable is empty". "I too felt this at first that You had woken me. But not a single door was open. That's why I felt differently", replied Megha. Listen to Baba's answer, "I do not need a door to enter. I have no form or dimension. I am always everywhere. For the one who places his burdens on me and has become one with me, I manipulate all his actions like the actions of a marionette".

# साईं वचनामृत



(६३) **जो बिना किसी कारण भक्तों पर स्नेह करने वाले दया के सागर हैं, निर्गुण होकर भी भक्तों के प्रेमवश ही जिन्होंने स्वेच्छा पूर्वक मानव शरीर धारण किया ऐसे भक्तवत्सल साईंनाथ को नमन!**

अपने भक्तों को आत्मदर्शन कराना साईं का मुख्य उद्देश्य था। संत शिरोमणि श्री साईं के पास जो भी आते हैं उनकी इच्छाएँ पूर्ण होती हैं। उन्होंने कभी भी, किसी भी भक्त को खाली हाथ नहीं लौटाया। भक्त बैठ कर उन्हें निहारते रहते हैं। जब मन में साईं भक्ति उमड़ पड़ती है तब ज़ुबान ख़ामोश हो जाती है। केवल आँसू बहते रहते हैं। साईं सागर में मन हिलोरे लेता रहता है।



(६४) **साईं अपने भक्तों की इच्छाएँ जान कर उन्हें पूर्ण किया करते हैं। इसीलिए भक्तों की इच्छाएँ पूर्ण होकर उन्हें फल की प्राप्ति हो जाया करती है और वे सदा कृतज्ञ बने रहते हैं।**

यह अक्सर देखा गया है कि मन में उठते विचार, मन में पनपती इच्छा को साईं बिना कहे जान लेते थे और जब भक्त को मनोवांच्छित प्राप्त होता तब वह दंग रह जाता। बाबा किसी भक्त पर उपकार नहीं, बल्कि उपहार की वर्षा करते थे।

**''अजब तेरी कारीगरी रे करतार**
**समझ न आए, माया तेरे बदले रंग हज़ार''**

त्रिकालदर्शी, सर्वव्यापक, सर्वज्ञ और सर्वेश्वर साईं सदैव सबकी मनोकामना पूरी करें।

(६५) **मृत्यु के समय जो अंतिम इच्छा या भावना होती है वही भवितव्यता का निर्माण करती है। यह कोई भी निश्चयात्मक रूप से नहीं कह सकता कि उस समय हम केवल उत्तम विचार ही कर सकेंगे। उसके विपरित उस समय अनेक कारणों से भयभीत होने की सम्भावना रहती है।** (अ. ३१, श्री साईं सत् चरित)

यह तो सुनिश्चित है कि जीवन है, तो मृत्यु भी एक सनातन सत्य है। आज नहीं तो कल, सबको दुनिया छोड़ के जाना है।

**''ज़िंदगी एक किराए का घर है**
**एक दिन तो बदलना पड़ेगा**
**मौत जब तुझको आवाज़ देगी**
**घर से बाहर निकलना पड़ेगा''**

मौत से डरना व्यर्थ है। मौत – नए जन्म, नए जीवन का पुन: आरम्भ है। किन्तु, संसार में इन्सान सब से ज़्यादा मौत से डरता है। मृत्यु शैया पर जैसा सोचोगे उसे ही अंत में पाओगे। श्री कृष्ण ने गीता में यही कहा है कि जो अपने जीवन के अंतिम क्षण में मुझे स्मरण करता है वह मुझे ही प्राप्त होता है। संसार में कोई भी अजर–अमर नहीं है। रोते–रोते आए, हँसते–हँसते संसार से विदा होना, बड़े सौभाग्य की बात है।

(६६) साईं उवाच – **''जो परमात्मा का ध्यान व चिंतन प्रेम और भक्ति पूर्वक करता है, परमात्मा भी उसकी अविलम्ब सहायता करते हैं।''** (अ. ३१, श्री साईं सत् चरित)

हमारा जीवन चार आश्रमों में बँटा हुआ है। ब्रह्मचर्याश्रम, गृहस्थाश्रम, वानप्रस्थाश्रम और संन्यासाश्रम। पढ़–लिख कर गृहस्थी बसा ली। व्यापार–नौकरी की। धन अर्जित किया। अपनी संतानों की परवरिश की। वे बड़े





हो गए। अब अपना ध्यान चौथे संन्यासाश्रम की ओर केंद्रित करो। बहुत हो चुकी दुनियादारी। दुनिया से अब फ़ुर्सत पाकर अपने आप को साईं की ओर मोड़ दो। जब तक सभी इंद्रियाँ सशक्त हैं साईं–पूजा में लीन रहो। साधना के लिए किसी जंगल या गुफ़ा में या हिमालय की गोद में जाने की क़तई ज़रूरत नहीं है। संसार में रह कर, संसार को त्याग कर साईंनाम का चोला पहन लो। मन अपार शांति अनुभव करेगा। साईं ही मोक्ष का एक मात्र द्वार है। वही अंत समय में दौड़ा–दौड़ा आएगा। **ओम् साईं, श्री साईं, जय–जय साईं...**

(६७) गीता के अनुसार – **संसार वटवृक्ष की तरह है, जिसकी जड़ें ऊपर और शाखाएँ नीचे को चारों ओर फैली हुई हैं। ''उर्ध्वमूलमध:शाखम्''** (गीता, अ. १५, श्लोक १) (अ. ३२, श्री साईं सत् चरित)

इस वृक्ष के गुण, पोषक और अंकुर, इंद्रियों के भोग्य पदार्थ हैं। जड़े जिनका कारणभूत कर्म है, वे सृष्टि के मानवों की ओर फैली हुई हैं। इस वृक्ष की रचना बड़ी निराली है। न तो इसके आकार, उद्गम एवं अंत का ही भान होता है और न ही इसके आधार का। इस कठोर जड़ वाले संसार वृक्ष को नष्ट करने हेतु किसी बाहरी मार्ग का अवलम्बन करना ज़रूरी है, ताकि इस असार संसार में अवागमन से मुक्ति प्राप्त हो। केवल सद्गुरु का नितांत मार्गदर्शन ही इस वृक्ष को काट सकता है। साईं ही सद्गुरु हैं।

(६८) साईं उवाच – **''केवल पुस्तकीय ज्ञान से कोई लाभ नहीं, हमें तो अपना कर्तव्य करते रहना चाहिए।''** (अ. ३२, श्री साईं सत् चरित)

दृढ़ विश्वास और पूर्ण निष्ठा पूर्वक हमें अपना तन, मन, धन और पंचप्राणादि सर्वव्यापक गुरुदेव को अर्पण कर देने चाहिए। गुरु भगवान् है। सबका पालनहार है। हमारे तो सद्गुरु साईं हैं। तन, मन, धन से पूर्णतया उनकी



शरणागति ही हमारा परम लक्ष्य होना चाहिए। शास्त्रों में कहा है कि अपने गुरु के प्रति कभी भी संशयग्रस्त नहीं होना चाहिए। संशय अध:पतन का कारण बन जाता है। इस संसार में हमें भ्रमित करने वाले बहुत हैं, मगर हमारा कर्तव्य यही है कि हमें हमारे गुरु, हमारे भगवान् पर अचल विश्वास रखना है। यही एक अटल सत्य है।

(६९) **भूखे रह कर कोई कार्य पूर्ण नहीं हो सकता। इसलिए यदि कोई आग्रह पूर्वक भोजन के लिए आमंत्रित करें, तो उसे अस्वीकार मत करो। भोजन तो भगवान् का प्रसाद है। उसे ठुकराना उचित नहीं। अगर कोई भोजन के लिए आमंत्रित करें, तो उसे अपनी सफलता का प्रतीक जानो।** (अ. ३२, श्री साईं सत् चरित)

इसीलिए शिर्डी आने वाले साईं भक्तों के लिए मंदिर से थोड़ी दूरी पर ही संस्थान के भव्य श्री साईं प्रसादालय का निर्माण किया गया है। सुबह १० बजे से रात १० बजे तक यह निरंतर चलता रहता है। साईं आने का न्योता देता है, तो संबंधित अन्य की भी व्यवस्था करता है। दर्शन करने के बाद दोपहर, शाम या रात जब भी मौक़ा मिलें, श्री साईं प्रसादालय में साईं प्रसाद अवश्य ग्रहण करें। वहाँ का निवाला हमें साईं प्रतीति कराता है।

(७०) साईं उवाच - **''मैं तुम्हारे हृदय की समस्त इच्छाएँ पूर्ण कर दूँगा। परन्तु, जिसका विश्वास मुझ पर होगा, सफलता केवल उसी को ही प्राप्त होगी।''** (अ. ३२, श्री साईं सत् चरित)

इस साईं वचनामृत के लगभग सभी पन्नों पर विश्वास का उल्लेख किया गया है। मन में संशय रख कर शिर्डी यात्रा का कोई फल प्राप्त नहीं होता। संशय अध:पतन की खाई है। साईं-श्रद्धा सफलता की बुनियाद है। क्या ऐसा होगा? क्या वैसा होगा? ऐसे व्यर्थ सवालों में मत उलझो। साईं की केवल एक झलक, केवल एक नमस्कार संसार सागर में जीवन नैया की पतवार बन जाएगी। पूर्ण नहीं, सम्पूर्ण शरणागति तुम्हारे लिए ख़ज़ाना खोल के रख देगी। साईं द्वार जलाए एक दीपक की ज्योत तुम्हारे जीवन को आलोकित कर देगी।

(७१) **जब तक चित्त की शुद्धि नहीं होती, तब तक आत्मानुभूति की आशा व्यर्थ है।** (अ. ३२, श्री साईं सत् चरित)

आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए चित्त यानि की मन की शुद्धि आवश्यक है। क्या आपने किसी कुर्ड-कर्कट पर मंदिर बना देखा है? नहीं न! इसी तरह काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह और मत्सर के कारण मन, जो साईं के रहने का मंदिर है, वह कलुषित हो गया है। हर इन्सान को धन-दौलत, शान-शोहरत एवं लोक-प्रतिष्ठा पाने का मोह होता है। उपरोक्त छ: शत्रु पर विजय पाना ज़रूरी है। माना की मुश्किल है, परन्तु नामुमकिन नहीं है। श्रद्धा, सबुरी, संयम और साईं सुमिरन से यह मुमकिन है। इस दिशा में पहला क़दम उठाओ तो सही! श्री हरि आपकी तरफ़ दस क़दम बढ़ायेंगे। चंचल मन को अपने विश्वास के जल से शुद्ध एवं पवित्र कर दो। साईं स्वयं मनमंदिर में विराजमान हो जायेंगे। आत्मानुभूति यानि की ईश्वर-दर्शन की ओर उठाया पहला क़दम आपको साईं-शरण में ले जाएगा। इसके लिए धैर्य धारण करना भी अति आवश्यक है।

(७२) **बाबा ने स्वयं कभी उपवास नहीं किया, न ही उन्होंने दूसरों को करने दिया।** (अ. ३२, श्री साईं सत् चरित)

बाबा का मानना था कि उपवास करने वालों का मन कभी भी शांत नहीं रहता, तब उन्हें परमार्थ की प्राप्ति कैसे सम्भव है! आज-कल विविध व्रत-उपवास का चलन है। लोग बिना पानी भी उपवास करते हैं। और भी कई तरीक़े हैं उपवास के। मगर, बाबा की मान्यता सबसे निराली, अनोखी थी। उनका मानना था कि पहले आत्मा की तृप्ति होना आवश्यक है। भूखे रह कर ईश्वर-भक्ति सम्भव नहीं। भूखे पेट कभी भजन नहीं होता। अगर शरीर में अन्न की ऊर्जा नहीं होगी, तो हम कौन-सी आँख से ईश्वर-दर्शन करेंगे? जब सभी इंद्रियों को यथेष्ट ख़ुराक और शांति मिलती है, तब वे बलवान रहती हैं। इसलिए न तो हमें उपवास करना चाहिए, न ही अधिक भोजन। भोजन में संयम, शरीर और मन के लिए ज़रूरी है।


**- विनय घासवाला**
१०/३०२, लाभ रेसिडन्सी, अटलदरा,
वडोदरा - ३९० ०१२, गुजरात.
संचार ध्वनि : **(०)९९९८९९०५६४**

# करुणा की कविता है साईं, तेरी राम कहानी!

हे संतों के संत, श्री साईं नाथ! तुम दीन, अनाथ और भक्तों के लिए कल्पतरु हो, कामधेनु हो। मैं तुम्हें मानसिक साष्टांग नमन करता हूँ। तुम्हारे भवभयहारी नामस्मरण मात्र से दुख के पहाड़ टूट कर चकनाचूर हो जाते हैं और उनके बीच से सुख के झरने फूट निकलते हैं। मृत्यु भी तुम्हारे नाम का नाद सुन कर उल्टे पाँव लौट जाती है। हम अभागे तो तुम्हारा ध्यान–भजन ही कर सकते हैं। धन्य थे वे शिर्डी के लोग, जिन्होंने तुम्हारा साक्षात् दर्शन किया। तुम्हारे सत्संग का भरपूर लाभ उठाया। अपनी आँखों से तुम्हारी लीलाएँ देखीं। कभी आनंदकारी, कभी विस्मयकारी, कभी भयंकरी। लीलाएँ कैसी भी हों, उनमें एक गूढ़ अर्थ ज़रूर छुपा होता था। ऐसी ही एक लीला मुझे याद आ रही है। आज्ञा हो तो सुनाऊँ, सद्गुरुनाथ? विजयादशमी का उल्लासपूर्ण दिन था। किन्तु, तुम्हारा व्यवहार विचित्र और आश्चर्यपूर्ण था उस दिन।

तुम्हारे शरीर का अंग–अंग क्रोध से काँप रहा था। आँखों से ज्वाला निकल रही थी। रसना से अपशब्दों के अंगार बरस रहे थे। मसजिद में प्रज्वलित धूनी की अग्नि से कई गुना ज्यादा तेज तुम्हारे मुखमण्डल पर दमक रहा था। किसी की समझ में नहीं आ रहा था कि दशहरा के शुभ दिन पर तुमने वह अशुभ रौद्र रूप क्यों धारण किया था। सिर का कपड़ा, तन की कफ़नी, यहाँ तक कि लंगोट भी उतार कर तुमने धूनी में डाल दिया था। तुम्हारे वस्त्रों की आहुति पाकर धूनी की ज्वाला और भी भभक उठी थी। आग की लपटें उछल–उछल कर मसजिद की छत को चूमने के लिए उतावली हो रही थीं। मानो मसजिद को जला कर राख कर देना चाहती हों! तुमने पूर्ण दिगम्बर होकर सामने खड़े भक्तों से गरज कर कहा, ''आओ, देखो, मुझे अच्छी तरह जाँच कर बताओ कि मैं कौन हूँ? हिंदू या मुसलमान?''

सबको साँप सूँघ गया था। कोई कुछ बोल न पाया। सब मौन खड़े, भय–कंपित, तुम्हें देख रहे थे। किसी में



साहस न था कि वह तुम्हें यह सब करने से रोक सकें। हाँ... हाँ, एक भक्त था, कुष्ठ रोगी, अभागा, किन्तु तुम्हारा सबसे प्यारा, सबसे क़रीबी, सबसे भाग्यशाली भक्त, भागोजी शिंदे! वह साहस करके आगे आया, तुम्हें सम्भालते-समझाते हुए बोला, ''बाबा! आज दशहरा का पावन दिन है। आप ऐसा क्यों कर रहे हैं?'' उत्तर में तुमने अपना सटका कई बार भूमि पर पटकते हुए कहा, ''हाँ... हाँ, आज दशहरा का दिन है। मेरा सीमोल्लंघन का दिन है।'' तुम्हारे इन अटपटे बोलों का अर्थ किसी की समझ में नहीं आया। भागोजी भी न समझ पाए। किन्तु, उन्होंने तुम्हें शांत करते हुए लंगोट पहनाया, नयी कफ़नी पहनाई, माथे पर कपड़ा बाँधा, वैसे ही, जैसे तुम बाँधा करते थे। थोड़ी ही देर में तुम शांत हो गए। फिर चावड़ी के जुलूस में भी शामिल हुए। भक्तों ने तुम्हें पालकी में बिठा कर बड़ी धूम से जुलूस निकाला, तुम्हारी जयजयकार की। उस समय पालकी में बैठे हुए तुम्हारी शांत मुद्रा देख कर कौन कह सकता था कि कुछ देर पहले तुम महा भयंकर रुद्रावतार बने हुए थे।

हे रुद्रावतार! तुम्हें शांत ही होना था, तो फिर अशांत क्यों हुए? अशांत हुए, तो अगले ही क्षण शांत क्यों हो गए? मैं नहीं जानता। किन्तु, तुम्हारे अंतरंग क़रीबी भक्त तुम्हारे इस विचित्र स्वभाव से भलीभाँति परिचित थे। वे तुम्हारा यह पल में तोला, पल में माशा वाला व्यवहार कई बार देख चुके थे। उनके लिए यह कोई आश्चर्य की बात न थी। लेकिन वे भी तुम्हारी सीमोल्लंघन की बात का अर्थ न समझ सके। न समझ सके कि तुमने दशहरा के दिन धूनी मे अपने वस्त्रों की आहुति देकर दो वर्ष बाद की विजयादशमी के दिन अपनी महासमाधि की उद्घोषणा कर दी थी। दो वर्ष बाद दशहरा के दिन अपनी जीवन रेखा लाँघ कर स्वधाम जाने की उद्घोषणा! वे यह भी न जान सके कि तुमने पूर्ण निर्वस्त्र होकर गरजते स्वर में उनसे क्यों कहा कि ''आओ, देखो, मुझे देख कर तसल्ली कर लो कि मैं कौन हूँ? हिंदू या मुसलमान?''

शायद... शायद, तुम अपने कुछ भक्तों के विवादपूर्ण आचरण से तंग आ गए थे। वे अक्सर इस विवाद में पड़े रहते थे कि तुम हिंदू हो या मुसलमान? वे दिन-रात तुम्हारी जाति-धर्म जानने के लिए उतावले रहते थे। नादान नहीं जानते थे कि संतों की कोई जाति नहीं होती।

**जात न पूछो साधु की, पूछ लीजियो ज्ञान**
**मोल करो तलवार का, पड़ी रहन दो म्यान**

जाति-धर्म के भेद-भाव का विष पीते-पीते वे इतने विषाक्त हो गए थे कि आपस में भी जाति-धर्म के नाम पर एक दूसरे से घृणा करने लगे थे। तुम्हारे लाख समझाने के बावजूद वे भेदभाव के बर्ताव से बाज़ नहीं आ रहे थे। वे स्वयं में, दूसरों में, और तुममें भी ईश्वरीय तत्व का दर्शन करने की बजाय हिंदू-मुसलमान ढूँढते रहते थे। इसी कारण शायद तुम उनसे नाराज़ थे। उस दशहरा के दिन रोष और आक्रोश के रूप में तुम्हारी वही नाराज़गी फूट पड़ी थी और तुमने अपना पूर्ण दिगम्बर रूप दिखा कर उन्हें यह जाँचने की चुनौती दे डाली कि बताए कोई, तुम कौन हो? हिंदू या मुसलमान? तो क्या शिर्डी के लोग जान सके कि तुम कौन हो? आज तक कोई न जान सका, शिर्डी नाथ। क्या ब्रह्म की भी कोई जात होती है? ब्रह्म



की नहीं, तो उसके बच्चों की कैसे?

**जात नहीं कोई, आदम की होती**
**ख़ूनी होली क्यों, दंगों की होती**
**अपने दामन पे ये, दाग लगा ना जाना**
**जाना तो है सबको, मरने से क्या डरना**
**रंज भरी दुनिया में, प्यार लुटा के जाना**
**मज़हब ना कोई, मालिक का घर है**
**प्राणी की सेवा, यही इबादत है**
**किसी अँधेरे घर में, दिया जला के जाना**
**जाना तो है सबको, मरने से क्या डरना**
**रंज भरी दुनिया में, प्यार लुटा के जाना**
**ख़ूब सँवारा है, जीवन यह अपना**
**कुछ तो औरों के ख़ातिर भी जीना**
**दुखियों को दे जाना, ख़ुशियों का नज़राना**
**जाना तो है सबको, मरने से क्या डरना**
**रंज भरी दुनिया में, प्यार लुटा के जाना**
**बेमानी झगड़े, भेदों के छोड़ो**
**रिश्तों के टुकड़े, चाहत से जोड़ो**
**साईं की यह साखी, गाँठ बाँध के रखना**
**जाना तो है सबको, मरने से क्या डरना**
**रंज भरी दुनिया में, प्यार लुटा के जाना**

साईं नाथ! तुमने दशहरा के दिन महासमाधि लेने का निश्चय दो वर्ष पहले ही कर लिया था, जिसकी उद्घोषणा भी दो वर्ष पहले दशहरा के दिन अपने अनोखे ढंग से कर दी थी। लेकिन, तुम्हारी अबूझ वैखरी का अर्थ कोई बूझ न पाया। रामचन्द्र दादा पाटिल को भी इसी तरह का संकेत दिया था तुमने। किन्तु, वे भी कुछ समझ न सके। याद है, न? शिर्डी निवासी, रामचन्द्र दादा पाटिल, तुम्हारे परम भक्त! अचानक, बहुत बीमार होकर खाट पकड़ ली थी उन्होंने। उनके बचने की कोई उम्मीद न रही थी। व्याधि की व्यथा से व्याकुल वे तुम्हारा नामस्मरण करते हुए तुमसे मृत्यु की प्रार्थना करने लगे। तभी, एक रात, तुम उनके बिस्तर के सिरहाने प्रकट हुए। दादा ने तुम्हारे पाँव पकड़ कर याचना की, ''बाबा! अब पीड़ा सही नहीं जाती। कब मिलेगी इस पीड़ा से मुक्ति? कब आएगी मुझे मृत्यु? अब जीने की इच्छा न रही। मुझे मृत्यु दे दो बाबा। हे करुणामूर्ति!''

तुमने दादा के सिर पर प्रेम से हाथ फेरते हुए कहा, ''अरे! क्यों चिंता करता है रे? टल गई तेरी मृत्यु। तेरी हुण्डी लौटा ली गई है। अब तू जल्दी ही भला–चंगा हो जाएगा। मुझे तो तात्या की चिंता है। दशहरा के दिन वह हम सबको छोड़ कर चला जाएगा। किन्तु, उससे मत कहना। अपने मरने की बात सुन कर वह डर के मारे मरने से पहले ही मर जाएगा।

आश्चर्य! नहीं, नहीं। आश्चर्य कैसा? तुम तो त्रिकालदर्शी हो। भूत–भविष्य तुम न जानोगे, तो कौन जानेगा, भला? वैसा ही हुआ जैसा तुमने कहा था।

दादा रामचन्द्र पाटिल तो स्वस्थ होकर रोग शैया से उठ खड़े हुए, किन्तु दशहरा आते–आते तात्या पाटिल ने खाट पकड़ ली। उनको काल ज्वर ने धर दबोचा। दादा रामचन्द्र को चिंता होने लगी। वे तात्या से तो कुछ कह नहीं सकते थे। बाला शिम्पी को तुम्हारी (बाबा की) भविष्यवाणी के बारे में बताया। बाला भी चिंतित हो उठे। दोनों ही जानते थे कि तुम्हारे वचन कभी असत्य नहीं होते। जैसे–जैसे दिन बीतते गए, तात्या की तबियत बिगड़ती गई। दादा रामचन्द्र और बाला शिम्पी यह सोच–सोच कर चिंता मे घुलने लगे कि अब तात्या उनके बीच नहीं रहेंगे। तात्या मसजिद में आकर तुम्हारा दर्शन–वंदन करने के लिए बेचैन रहते। किन्तु, क्या करते? वे बिस्तर से उठ भी नहीं सकते थे। होते–होते दशहरा का दिन निकट आ गया। तात्या को तुम पर (बाबा पर) और तुम्हें (बाबा को) अपने श्री हरि पर भरोसा था। तुम दोनों अपने–अपने आराध्य का नामस्मरण करने लगे। दशहरा के दिन तात्या की नाड़ी मंद पड़ने लगी। तभी अचानक, काल ने पलटा खाया। तुम (बाबा) बीमार पड़ गए। तात्या स्वस्थ होने लगे। ठीक दशहरा के दिन तुम चले गए, तात्या रह गए। प्राणों की अदला–बदली हो गई। तुमने तात्या के बदले अपने प्राण विधाता को सौंप दिए।

प्राणों का हस्तांतरण हो गया। क्या यह भी सम्भव है? मैं भी कितना नासमझ हूँ। तुम्हारे लिए क्या असम्भव है? क्या सम्भव नहीं? ईश्वर और तुममें अंतर ही क्या है? दादा रामचन्द्र और तात्या के बहाने अपने महाप्रयाण की पूर्व सूचना तो तुम पहले ही दे चुके थे; तो फिर होना भी वही था जैसा तुमने कहा था। अन्यथा कैसे हो सकता था?

दाता! तुम जीवन भर सबको देते रहे। जाते–जाते



भी देकर ही गए। लक्ष्मीबाई शिंदे! याद है, न? तुम्हारी अनन्य भक्त थीं। तुम्हारी खूब सेवा करती थीं। मसजिद के, उत्सव–त्योहारों के सभी कामों में हाथ बँटाती थीं। तुम भी उन्हें बहुत चाहते थे। उनके हाथ की बनी सिंवइयों में तुम्हें ख़ूब स्वाद आता था। रोज़ इंतज़ार करते रहते थे कि कब आएगी लक्ष्मी, कब लाएगी भाजी–भाखरी तुम्हारे लिए। एक दिन की बात है। तुम मसजिद के कटहरे पर कोहनी टेक कर बैठे थे। तात्या भी वहीं थे। लक्ष्मी बाई ने रोज़ की तरह तुम्हारा दर्शन–वंदन किया। अचानक तुमने अपने पेट पर हाथ रख कर उनसे कहा, ''लक्ष्मी! बड़ी भूख लगी है।'' सुनते ही लक्ष्मी उठीं, दौड़ कर गईं और भाजी–रोटी बना कर ले आईं। किन्तु, तुमने उसमें से एक कौर भी नहीं खाया। सामने एक भूखा कुत्ता खड़ा हुआ था। सारा भोजन उसके आगे रख दिया। लक्ष्मी ने हैरान होकर उलाहना देते हुए कहा, ''बाबा! यह क्या? मैं तुम्हारे लिए इतनी मेहनत, मशक्कत करके भोजन बना कर लाई। तुमने एक कौर भी नहीं खाया। सब–का–सब कुत्ते को खिला दिया?'' तुम बोले, ''लक्ष्मी! कुत्ता भी तो जीव है। उसे भी भूख लगती है। मैं बोल पाता हूँ। वह बोल नहीं सकता। इतना ही तो फ़र्क़ है। भूख तो सबकी एक जैसी होती है। एक और दूसरे की भूख में क्या फ़र्क़, क्या भेद हो सकता है भला? उस जीव की भूख मिटाई,



समझो, मेरी भूख मिटाई। उसे तृप्त किया, जानो, मुझे तृप्त किया। जो भी किसी भूखे को भोजन कराता है, विश्वास रखो, वह मुझे भोजन कराता है। यह सुन कर, लक्ष्मी की आँख भर आई।

कितने दयालु हो तुम! कुत्ते, बिल्लियों के प्रति भी इतनी दया! इतना प्रेम! स्वयं भूखे रह गए; किन्तु भूखे को भूखा न रहने दिया। मेरी आँख भी भर आई है बाबा, तुम्हारी यह कथा सुनाते–सुनाते...

**करुणा की कविता है साईं**
**तेरी राम कहानी**
**होठों पर था अल्ला मालिक**
**अँखियाँ सागर पानी**
**रोया कोई दूर कहीं**
**तेरी आँख भरी**
**तड़पा दुखिया भक्त कहीं**
**तुमने आह भरी**
**प्रेम दया का नग़मा साईं**
**तेरी राम कहानी**
**होठों पर था अल्ला मालिक**
**अँखियाँ सागर पानी**
**रोटी अपने हिस्से की**
**भूखे को दे दी**
**माँगी जिसने एक ख़ुशी**
**दुनिया ही दे दी**

**दर्द, त्याग की गाथा साईं**
**तेरी राम कहानी**
**होठों पर था अल्ला मालिक**
**अँखियाँ सागर पानी**

बाबा! तुम्हें लक्ष्मी की सेवा सदा याद रही। अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी तुम उन्हें भूले नहीं। उनकी सेवा का कर्ज़ उन्हें अनमोल दान देकर चुकाया।

अंतिम साँसें गिनते समय भी तुमने किसी तरह अपनी कफ़नी के खीसे में हाथ डाला, पहले पाँच, फिर चार सिक्के निकाल कर, काँपते हाथ से नौ सिक्के लक्ष्मी के हाथ पर लुढ़का दिए।

क्या लक्ष्मीबाई को नौ सिक्कों के दान की दरकार थी? नहीं, बाबा, नहीं। वह सम्पन्न महिला थीं। किन्तु, तुम्हारे हाथ से जो दान उन्हें मिला, वह तो राजा–महाराजाओं को भी नसीब नहीं होता। लक्ष्मीबाई ने वे नौ सिक्के अपने घर के पूजा स्थल में सदा सम्भाल कर रखे; कभी ख़र्च नहीं किए। आजीवन नित्यप्रति उनकी पूजा की।

वह तुम्हारा अंतिम दान था। लक्ष्मीबाई को दिया हुआ नौ सिक्कों के रूप में नवधा भक्ति की शिक्षा का, अंतिम दान। लक्ष्मीबाई ने पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ तुम्हारी शिक्षा और आदेश का अनुपालन किया। वह तुम्हारा अंतिम क्षण भी था। उसके बाद तुम्हारा पार्थिव शरीर संसार से विदा हो गया। किन्तु, यह कह कर गए कि तुम गए नहीं...

**हो जाउँ चाहे विदा, देह त्याग संसार**
**आऊँगा मैं दौड़ के, सुनके भक्त पुकार**
**अनाद्यंत जीवंत मैं, जानो सत्य सुजान**
**पाओ निज अनुभूति से, मेरा वचन प्रमाण**

**जय साईं!**

**– दास कुम्भेश**

बी–२०३, जूही, सेक्टर २, वसंत नगरी,
वसई (पूर्व) – ४०१ २०८, पालघर, महाराष्ट्र.
ई–मेल : kumbhesh9@gmail.com
संचार ध्वनि : (०)९८९०२८७८२२

○○○

**पूना के एक महाशय, श्री अनंतराव पाटणकर श्री साईं बाबा के दर्शन के इच्छुक थे। उन्होंने शिर्डी आकर बाबा के दर्शन किए। दर्शन से उनके नेत्र शीतल हो गए और वे अति प्रसन्न हुए। उन्होंने बाबा के श्री–चरण छूए और यथायोग्य पूजन करने के उपरान्त बोले, ''मैंने बहुत कुछ पठन किया। वेद, वेदांत और उपनिषदों का भी अध्ययन किया तथा अन्य पुराण भी श्रवण किए; फिर भी मुझे शांति न मिल सकी। इसलिए मेरा पठन व्यर्थ ही सिद्ध हुआ। एक निरा अज्ञानी भक्त मुझसे कहीं श्रेष्ठ है। जब तक मन को शांति नहीं मिलती तब तक ग्रन्थावलोकन व्यर्थ ही है। मैंने ऐसा सुना है कि आप केवल अपनी दृष्टि से और विनोदपूर्ण वचनों द्वारा दूसरों के मन को सरलता पूर्वक शांति प्रदान कर देते हैं। यही सुन कर मैं भी यहाँ आया हूँ। कृपा कर मुझ दास को भी आशीर्वाद दीजिए।'' तब बाबा ने निम्नलिखित कथा कही –**

**''एक समय एक सौदागर यहाँ आया। उसके सम्मुख ही एक घोड़ी ने लीद की। जिज्ञासु सौदागर ने अपनी धोती का एक छोर बिछा कर उसमें लीद के नौ गोले रख लिए और इस प्रकार उसके चित्त को शांति प्राप्त हुई।'' श्री पाटणकर इस कथा का कुछ भी अर्थ न समझ सके। इसलिए उन्होंने श्री गणेश दामोदर उपनाम दादा केलकर से अर्थ समझाने की प्रार्थना की और पूछा कि ''बाबा के कहने का अभिप्राय क्या है?'' दादा केलकर बोले कि ''जो कुछ बाबा कहते हैं उसे मैं स्वयं भी अच्छी तरह नहीं समझ सकता; परन्तु उनकी प्रेरणा से ही मैं जो कुछ समझ सका हूँ वह तुमसे कहता हूँ। घोड़ी है ईश–कृपा, और नौ एकत्रित गोले हैं नवविधा (श्रवणं कीर्तनं विष्णो: स्मरणो पादसेवनम्। अर्चनं वंदनं दास्यं सख्यम् आत्मनिवेदनम्।।) भक्ति – यथा (१) श्रवण (२) कीर्तन (३) नामस्मरण (४) पादसेवन (५) अर्चन (६) वंदन (७) दास्य (८) सख्य (९) आत्मनिवेदन। ये भक्ति के नौ प्रकार हैं। इनमें से यदि एक को भी सत्यता से कार्यरूप में लाया जाए, तो भगवान् श्री हरि अति प्रसन्न होकर भक्त के घर प्रकट हो जायेंगे। समस्त साधनाएँ, अर्थात् जप, तप, योगाभ्यास तथा वेदों के पठन–पाठन में जब तक भक्ति का सम्पुट न हो, बिल्कुल शुष्क ही हैं। वेदज्ञानी या ब्रह्मज्ञानी की कीर्ति भक्तिभाव के अभाव में निरर्थक है। आवश्यकता है तो केवल पूर्ण भक्ति की। हमें भी उसी सौदागर के समान ही जान कर और व्यग्रता तथा उत्सुकता पूर्वक सत्य को खोज कर नौ प्रकार की भक्ति को प्राप्त करना है।''**

**दूसरे दिन जब श्री पाटणकर बाबा को प्रणाम करने गए तो बाबा ने पूछा कि ''क्या तुमने लीद के नौ गोले एकत्रित किए?'' श्री पाटणकर ने कहा कि ''मैं अनाश्रित हूँ। आपकी कृपा के बिना उन्हें सरलता पूर्वक एकत्रित करना सम्भव नहीं है।'' बाबा ने श्री पाटणकर को आशीर्वाद देकर सान्त्वना दी कि ''तुम्हें सुख और शांति प्राप्त हो जाएगी,'' जिसे सुन कर श्री पाटणकर के हर्ष का पारावार न रहा।**



## Shirdi News

❊ Public Relations Office ❊

Shri Saibaba Sansthan Trust, Shirdi

- Translated from Marathi into English by

Vishwarath Nayar

E-mail : vishwarathnayar@gmail.com



Smt. Shamla Jaiprakash Makam, resident of Shirdi, personally met Shri P. Siva Sankar, the then Chief Executive Officer of Shri Saibaba Sansthan Trust, Shirdi and submitted an application on November 23, 2023, for donating her own 3.5 acres land bearing Survey No. 116/5 and a Rs. 50 lakhs worth 2000 sq. ft. constructed building on it at Mouje Shirdi in Rahata *taluka* to the Shri Saibaba Sansthan Trust, Shirdi. Also, she expressed her desire on the occasion that the donated building be used for educational purpose.

**... Baba on His own said to Kaka Mahajani - "If anyone has given me one rupee as *dakshina*, I have to give ten times more in return, accurately. I never take anything from anyone gratis. I do not ask all and sundry. I only take *dakshina* from those to whom the *Fakir* points out. The *Fakir* asks from only those to whom He is indebted. The giver sows the seeds, by giving, and later reaps the harvest. Wealth should be used only for righteous purposes. If wealth is so spent then only it is beneficial. By righteousness, true knowledge is attained. This wealth which has been accumulated by hard labour is sometimes believed to be utilised only for one's own pleasures. Instead of using this wealth for righteous purposes, it is wasted. One who amasses wealth to the tune of crores of rupees, by saving pie after pie, but never spends that wealth for the fulfilment of sensual pleasures, such a person is happy".**






52 foreign Sai devotees from the Europe continent presented a programme of devotional songs on the stage in front of the Shri Sai Baba temple in Shirdi.

A total of 52 foreign Sai devotees from Germany, Switzerland, Austria, Russia, Czechoslovakia and Denmark in the Europe continent that included 37 women and 15 men, staying present during the midday *Aarati* of Shri Sai Baba, availed the *Darshan* of Shri Sai Baba's *Samadhi*.

After the *Aarati*, Shri Tukaram Hulawale, Deputy Chief Executive Officer of the Sansthan, felicitated and greeted them on behalf of the Sansthan.


Shri Rajtilak Bagwe, the then I/C Administrative Officer of the Sansthan, Shri Ramesh Chaudhari, Temple Head and Shri Tushar Shelke, Public Relations Officer, were present on this occasion.

After this, all these foreign devotees visiting the Sansthan's Shri Sai Prasadalaya availed the benefit of *prasad-bhojan*. Shri Vishnu Thorat, Head of Shri Sai Prasadalaya, was present on this occasion.




ॐ
सबुरी


श्री नंदादिप




Shri Anand Mahindra, renowned Industrialist and Chairman of the Mahindra Industries Group, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba. Shri P. Siva Sankar, the then Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Ramesh Chaudhari, Temple Head and Shri Tushar Shelke, Public Relations Officer, were present on the occasion... After Shri Anand Mahindra, renowned Industrialist and Chairman of the Mahindra Industries Group, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba, he was felicitated on behalf of the Sansthan by Shri P. Siva Sankar, the then Chief Executive Officer of the Sansthan.





Shri Raghav Chadhdha, Punjab Aam Aadmi Party's Rajya Sabha Member, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba... After Shri Raghav Chadhdha, Punjab Aam Aadmi Party's Rajya Sabha Member, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba, he was felicitated on behalf of the Sansthan with a *shawl* and the holy book Shri Sai Satcharita by Shri Tushar Shelke, Public Relations Officer of the Sansthan.




**Shri Dilip Vengsarkar, Former Cricketer, along with his wife, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba. Shri P. Siva Sankar, the then Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Rajtilak Bagwe, the then I/C Administrative Officer, Shri Ramesh Chaudhari, Temple Head and Shri Tushar Shelke, Public Relations Officer, were present on the occasion... After Shri Dilip Vengsarkar, Former Cricketer, along with his wife, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba, they were felicitated on behalf of the Sansthan by Shri P. Siva Sankar, the then Chief Executive Officer of the Sansthan.**





Shri Manoj Sinha, Lt. Governor, Jammu and Kashmir, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba. Shri P. Siva Sankar, the then Chief Executive Officer of the Sansthan was present on the occasion. After Shri Manoj Sinha, Lt. Governor, Jammu and Kashmir, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba, he was felicitated on behalf of the Sansthan, by Shri P. Siva Sankar, the then Chief Executive Officer of the Sansthan, with a *shawl*, an idol of Shri Sai Baba and the 2024 new year diary published by the Sansthan.



Popular Actor Shri Shahrukh Khan availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba. Shri P. Siva Sankar, the then Chief Executive Officer of the Sansthan, Sou. Pradnya Mahandule, Administrative Officer, Shri Rajtilak Bagwe, the then I/C Administrative Officer, Shri Ramesh Chaudhary, Temple Head, Shri Annasaheb Pardeshi, Security Officer and Shri Tushar Shelke, Public Relations Officer, were present on the occasion. After the Popular Actor Shri Shahrukh Khan, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba, he was felicitated on behalf of the Sansthan by Shri P. Siva Sankar, the then Chief Executive Officer of the Sansthan, with a shawl, an idol of Shri Sai Baba and Shri Sai Satcharita, the holy book. Sou. Pradnya Mahandule, Administrative Officer of the Sansthan, Shri Rajtilak Bagwe, the then I/C Administrative Officer, Shri Ramesh Chaudhary, Temple Head, Shri Annasaheb Pardeshi, Security Officer and Shri Tushar Shelke, Public Relations Officer, were present on the occasion.


SSSI SHIRDI
श्रध्दा
सबुरी



## *Margashirsha Pournima*, Tuesday, December 26, 2023

# Shri Datta *Jayanti Janmotsav*







The programme of Datta *Janmotsav* (festival of the birth of Lord Dattatreya) *kirtan* by *H.B.P.* (*Hari Bhakt Parayan*) Shri Prabhanjan Bhagat, Loni, was held in the Shri Sai Baba *Samadhi Mandir* on Shri Datta *Jayanti* (birthday). After that, Shri Datta *Janmotsav* was celebrated in the presence of Shri Tukaram Hulawale, Chief Executive Officer I/C of the Sansthan and Sou. Jyoti Hulawale, Shri Ramesh Chaudhary, Temple Head, temple priests, Shirdi villagers and Sai devotees.

After the *Dhoop Aarati*, the *Abhishek* of the Idol and Feet of Shri Datta and the *Aarati* of Shri Dattatreya were performed in the Shri Datta *Mandir* at Lendi Baug by Shri Tukaram Hulawale, Chief Executive Officer I/C of the Sansthan and Sou. Jyoti Hulawale.

Attractive floral decorations and electric lighting were done for Shri Datta *Jayanti* in the *Samadhi Mandir* of Shri Sai Baba, Shri Datta *Mandir* in Lendi Baug and the temple premises from the donations made by Shri Taresh Anand, Sai devotee of America and Shri Sitaram Shete of Shani Shingnapur.

Also, the Procession of Shri Sai Baba's Chariot was taken out through the Shirdi village at 9.15 p.m.



On the auspicious occasion of Shri Datta *Jayanti*, Shri Shambhunath Sawai, Philanthropic Sai devotee of Bhuvaneshwar in Odisha state, donated a golden flower weighing 82.870 grammes costing Rs. 4,77,083/- to Shri Sai Baba Sansthan. This donation was received on behalf of the Sansthan by Shri Tukaram Hulawale, Chief Executive Officer I/C of the Sansthan. After that, Philanthropic Sai devotee of Bhuvaneshwar in Odisha state, Shri Shambhunath Sawai was felicitated on behalf of the Sansthan with a *shawl* and an idol of Shri Sai Baba by Shri Tukaram Hulawale, Chief Executive Officer I/C of the Sansthan.



The Shri Sai Baba Sansthan received a 2-wheeler vehicle, Apache 310 cc, costing about Rs. 3,25,000/- from T.V.S. Company, as donation. Shri Tukaram Hulawale, Chief Executive Officer I/C of the Sansthan, performed the ritual worship of this vehicle. Shri Bhikan Dabhade, Administrative Officer of the Sansthan, Shri Tushar Shelke, Public Relations Officer and Shri Atul Wagh, Chief of Vehicle dept., were present on the occasion.

Shri Sai Baba Sansthan has obtained various types of ten vehicles, including 1 three-wheelers and 9 two-wheelers as a donation from T.V.S. Company till date.

**... Sai said kindly to Mrs. Tarkhad - "Oh mother! You fed me to-day, because of which I am full upto my throat. I was overcome with hunger and you satisfied me. You must act like this always. Truly only this will prove useful, ultimately. Sitting in the *Masjid*, I do not ever speak an untruth. This is the universal truth. Know that this is the kindness which I preach. Give food to the hungry first and then eat yourself. Remember this clearly in your mind". What did Sai Samartha say? The lady could not understand anything. What was the implied meaning of this? His words were never futile. She said, "How could I have served You? How could it happen at my hands? I am dependent. I spend and eat whatever I can get". Baba answering her, said, "Savouring that lovingly given *chapati*, I became fully satisfied and I am still belching. When you sat down for your meals, you suddenly saw a dog come to the door, which was suffering from extreme hunger. I am one with that dog. Similarly, I am one with that pig bespattered with mud, which was also hungry and miserable". When she heard Baba's words, the lady was very much surprised. Dogs, pigs, cats which wander - are they one with Baba? "Sometimes I am a dog, sometimes a pig, sometimes I am a cow, sometimes a cat, sometimes an ant, a fly or fish. I move about in different forms. That person who sees me in all the creatures, you must understand is my beloved one. Give up the belief in the two-fold nature, and worship me in this manner".**



Shri G. Kishan Reddy, Minister of Tourism, Culture and Development of North Eastern Region, Govt. of India, along with his family, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba. Shri Rajtilak Bagwe, the then I/C Administrative Officer of the Sansthan and Shri Tushar Shelke, Public Relations Officer, were present on the occasion. After Shri Kishan Reddy, Minister of Tourism, Culture and Development of North Eastern Region, Govt. of India, along with his family, availed the *Darshan* of the *Samadhi* of Shri Sai Baba, they were felicitated on behalf of the Sansthan with a shawl, idol of Shri Sai Baba and the holy book Shri Sai Satcharita by Shri Rajtilak Bagwe, the then I/C Administrative Officer of the Sansthan.





Shri Sai Baba's *Samadhi Mandir* and the temple premises were decorated with the attractive flowers from the donation of Philanthropic Sai devotee, Shri B. A. Basavraja, to welcome the New Year 2024.

Shri Tukaram Hulawale, Chief Executive Officer I/C of the Shri Saibaba Sansthan Trust, Shirdi, informed that over nearly 8 lakh Sai devotees availed the *Darshan* of Shri Sai Baba's *Samadhi* during the period of Shirdi *Mahotsav* (grand festival) organized by the Sansthan from Saturday, December 23, 2023 to Monday, January 1, 2024 to mark the Christmas holidays, bid farewell to the passing year 2023 and welcoming the New Year 2024, and about Rs. 15.95 crores as donation was received in this period.

Giving a detailed information about this, Shri Hulawale stated that Rs. 7,80,44,265/- were received in the donation boxes, Rs. 3,53,88,476/- through the donation counters, Rs. 4,21,40,893/- through debit/credit cards, online donations, cheques/DDs and money-orders, thus a total of Rs. 15,55,73,634/- was received as donation in cash form during the period of Shirdi Mahotsav (grand festival) organized by the Sansthan from Saturday, December 23, 2023 to Monday, January 1, 2024 to mark Christmas holidays, bid farewell to the passing year 2023 and welcoming the New Year 2024. Also, the Sansthan received donations of 586.370 grammes gold (Rs. 32,45,295/-) and 13 kilos 416 grammes silver (Rs. 7,67,346/-). Thus, the Sansthan received donations in various forms totalling Rs. 15,95,86,275/-.

About 6 lakhs Sai devotees availed the benefit of *prasad*-meal during the said period in the Sansthan's Shri Sai Prasadalaya. About 1.25 lakhs Sai devotees availed the food-packets. 11,10,600 *ladoo-prasad* packets were sold. Rs. 1,41,55,500/- were received through this. 7,46,400 Sai devotees availed the benefit of free *bundi-prasad* packets.

Shri Hulawale also stated that the donations received are utilized for the Sansthan's Shri Sai Baba Hospital, Shri Sainath Hospital, free meals at the Sansthan's Shri Sai Prasadalaya, various educational institutes, charity for out patients, various facilities erected for the convenience of Sai devotees and various social activities.






Shri Pranavji Pawar, RSS Public Relations Section, All India Office Chief and others, handing over the invitation to Shri Tukaram Hulawale, Chief Executive Officer I/C of the Sansthan on behalf of Shri Ram *Mandir*, Ayodhya *Nyas*, for Shri Ram *Moorti Pranpratistha* ceremony...






In the evening of Monday, January 1, 2024

RNI Regd. No.
MAH/BIL/2000/8048

# SHRI SAI LEELA

Date : 15th February 2024




श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था (शिर्डी) के लिए प्र. मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा गणेश आर्ट प्रिंटर्स, एम. आर. ट्रेड सेंटर, शॉप नं. ७, वाडिया पार्क, अहमदनगर – ४१४ ००१ में मुद्रित और साईं निकेतन, ८०४ बी, डॉ. आम्बेडकर रोड़, दादर, मुम्बई – ४०० ०१४ में प्रकाशित। * सम्पादक : प्र. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी

## In the night of Monday, January 1, 2024